दिनांक 29.12.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव के मार्गदर्शन व निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 की तैयारी लगातार जारी है ।

इसी संदर्भ में आयुक्त सुंदरानी ने सभी होटल प्रतिष्ठानों को पत्र लिखकर होटल प्रतिष्ठानों से निकले हुए गीले कचरे को वहीं पर निपटान करने के निर्देश दिए थे जिस पर अमल होते हुए नजर आ रहा है।

भिलाई के बड़े होटल एवं विभिन्न घरों में कंपोस्ट बिन आदि की सहायता से खाद बनाकर कर रहे हैं उपयोग।

आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने जानकारी देते हुए बताया कि अब घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाले गीले कचरे का उपयोग नागरिक अपने घर के गार्डन के पौधों को पोषित करने के लिए घर में ही खाद बनाकर कर सकते हैं, जिसके बहुत सारे तकनीक इंटरनेट के माध्यम से भी प्राप्त किये जा सकते हैं।

प्राप्त जानकारी अनुसार निगम क्षेत्र के ही वैशाली नगर निवासी व्ही0के0 मोहम्मद, अजय गुप्ता, हाउसिंग बोर्ड के अशोक गुप्ता, एम0 सहदेव, युधिष्ठिर राव, कैलाश नगर के बेदानंद राय, मधुसुदन शर्मा, अशोक कुमार, नेहरु नगर के अनुज सेठ, तालपुरी निवासी डॉ. त्रिपाठी सुन्दर नगर घनघोर स्वीट्स, नवरतन डेयरी जवाहर मार्केट, एवं डीपीएस स्कुल के पूर्व प्राचार्य सूर्य विहार निवासी मो. अंसारी ने अपने घर में ग्रीन बिन होम कम्पोस्टिंग बिजली रहित मशीन लगाकर घर से निकलने वाले गीला कचरे में विशेष प्रकार के फंगश को मिलाकर कचरे को खाद के रुप में परिवर्तित कर रहें हैं। इसी प्रकार सेन्ट्रल प्लाजा होटल आमंत्रण, एवं सेन्ट्रल पार्क होटल से निकलने वाले गीला कचरा जिसमें बचा हुआ भोजन, हरी सब्जियो के कतरन, मांस-मटन के टुकड़े, को मशीन में डालकर खाद बनाया जा रहा है जो की जानकारी के अनुसार बदबू रहित है। जिसका उपयोग प्रतिष्ठान के बागवानी में कर रहें हैं।

आयुक्त श्री सुंदरानी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि क्षेत्र के नागरिक अपने घर एवं प्रतिष्ठान से निकलने वाले गीले कचरे को विभिन्न प्रकार के माध्यम से बहुत ही कम लागत मूल्य पर खाद बनाकर इसका उपयोग खाद बनाने में कर सकते हैं इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

इससे घर के उद्यानों को जैविक खाद प्राप्त होगा और शहर की सफाई में नागरिकों की सहभागिता भी सुनिश्चित होगी।

जनसम्पर्क अधिकारी